ब्रिटिश सांसद अब ब्रेग्जिट के कई विकल्पों पर कर सकेंगे मतदान

लंदन, 26 मार्च (एएफपी)।

ब्रिटेन के सांसदों ने ब्रेग्जिट प्रक्रिया में बड़ी भूमिका निभाने के लिए सोमवार को मतदान किया जिससे उन्हें ब्रेग्जिट के विभिन्न विकल्पों के लिए अपनी प्राथमिकता जाहिर करने का अधिकार मिल गया। हालांकि सरकार ने इस अप्रत्याशित कदम को 'खतरनाक' बताया है।

सरकार के सूत्रों ने बताया कि विदेश कार्यालय मंत्री एलिस्टेयर बर्ट और स्वास्थ्य मंत्री स्टीव ब्राइन ने इस्तीफा दे दिया जबकि उद्योग मंत्री रिचर्ड हैरिंगटन ने ट्विटर पर सरकार छोड़ने के फैसले की घोषणा की। बहरहाल, ब्रेग्जिट मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वह मतदान से बहुत 'निराश' है। उसने कहा, 'यह हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों के बीच संतुलन खत्म करता है और खतरनाक, अप्रत्याशित उदाहरण पेश करता है।' यूरोपीय संघ से अलग होने के लिए वोट करने के तीन साल बाद सोमवार को हुए मतदान ने इस कटु राजनीतिक संकट को खत्म करने के सबसे बेहतर तरीके को लेकर सरकार और संसद के बीच संभावित संघर्ष की राह तैयार कर दी है। सांसदों के पास अब विभिन्न विकल्पों पर मतदान करने का मौका होगा जैसे कि अनुच्छेद 50 हटाना और ब्रेग्जिट रद्द करना, एक और जनमत संग्रह कराना या बिना समझौते के ही यूरोपीय संघ से अलग हो जाना। हालांकि अगर सांसदों को बहुमत मिल भी जाता है तो भी सरकार उनके निर्देशों का पालन करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है।

तीन मंत्रियों के इस्तीफे

सांसदों ने 302 के मुकाबले 329 मतों से बुधवार को संसदीय कामकाज का नियंत्रण हासिल करने के लिए संपन्न मतदान में जीत हासिल कर ली। इस बीच सरकार के खिलाफ वोट करने के बाद तीन जूनियर मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया।

सुनियोजित ढंग से तिब्बत तक पहुंच बाधित कर रहा है चीन : अमेरिका

वाशिंगटन/बेजिंग, 26 मार्च (भाषा)।

मेरिका ने चीन पर आरोप लगाया कि वह कई तरह की बंदिशें थोप कर 'सुनियोजित' तरीके से तिब्बत तक पहुंच बाधित कर रहा है। इसकी वजह से राजनयिक व विदेशी पत्रकार इस सुदूर हिमालयी क्षेत्र की यात्रा नहीं कर पा रहे हैं। अमेरिका की इस टिप्पणी पर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए चेतावनी दी कि उसके अंदरूनी मामलों में अमेरिका के दखल से द्विपक्षीय संबंधों पर असर पड़ेगा।

अमेरिकी विदेश विभाग ने रपट में बताया कि तिब्बत तक पहुंच कायम करने में कैसी-कैसी बाधाएं आ रही हैं। अमेरिकी संसद (कांग्रेस) को सौंपी गई रपट दोनों पार्टियों के समर्थन से पारित की गई। इसे 'रेसिप्रोकल एक्सेस टू तिब्बत एक्ट' के तहत तैयार किया गया था। रपट में कहा गया कि चीन सरकार ने 2018 में अमेरिकी राजनयिकों व अधिकारियों, पत्रकारों व पर्यटकों के लिए सुनियोजित तरीके से तिब्बत स्वायत्तशासी क्षेत्र (टीएआर) और टीएआर के बाहर के तिब्बती इलाकों तक की यात्रा में बाधाएं खड़ी की हैं। अमेरिकी राजनयिकों की यात्राओं पर भी काफी बंदिशें लगा दी गई हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि पिछले साल चीन ने तिब्बत यात्रा के लिए अमेरिका की ओर से भेजे गए नौ में से पांच अनुरोधों को ठुकरा दिया है। बेजिंग में चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी रपट अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी नियमों का उल्लंघन करती है।

सिंध में एक और हिंदू लड़की का अपहरण

कराची, 26 मार्च (भाषा)।

दो नाबालिग हिंदू लड़कियों के कथित अपहरण, जबरन धर्मांतरण और विवाह पर मचे हंगामे के बीच, पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक और नाबालिग हिंदू लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है।

सिंध सूचना विभाग के अनुसार, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री हरिराम किशोरी लाल ने 16 साल की हिंदू लड़की के अपहरण के संबंध में सोशल मीडिया पर चल रहे एक समाचार पर संज्ञान लिया है। कहा जा रहा है कि मेघवार समुदाय की यह लड़की बादिन जिले के तांदो बाघो की रहने वाली है। पीड़ित के पिता ने संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए बादिन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सरदार हसन नियाजी से अनुरोध किया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि लड़की का अपहरण कब हुआ है। किशोरी लाल ने अधिकारियों को अपहरण के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने और लड़की के परिवार को सुरक्षा देने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि सिंध में बाल विवाह निषेध कानून के तहत नाबालिग लड़कियों के विवाह पर पाबंदी है। उन्होंने कहा कि 18 साल से कम उम्र की लड़की से शादी करना आपराधिक कृत्य है। लाल ने कहा कि कानून का सिंध में कड़ाई से पालन किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार नाबालिग हिंदू लड़कियों की सुरक्षा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सिंध सरकार अल्पसंख्यक संरक्षण आयोग बनाने की तैयारी में है और इसके मसौदे को मुख्यमंत्री ने दो दिन पहले मंजूरी दी है। अपहरण का यह ताजा मामला ऐसे समय आया है जब सिंध के घोटकी जिले में दो नाबालिग हिंदू लड़कियों के अपहरण, जबरन धर्मांतरण और विवाह को लेकर देशभर में आक्रोश का माहौल है। दो लड़कियों रवीना (13) और रीना (15) का होली के दिन शाम को 'प्रभावशाली लोगों' के समूह ने कथित रूप से अपहरण कर लिया था। अपहरण के बाद एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक काजी को दो लड़कियों का निकाह कराते हुए दिखाया गया था।

मुंबई-सिंगापुर उड़ान में बम होने की सूचना के बाद दो एफ-16 भेजे गए

सिंगापुर/नई दिल्ली, 26 मार्च (भाषा)।

सिंगापुर एअरलाइंस की मुंबई-सिंगापुर उड़ान में मंगलवार को बम होने की सूचना के बाद सिंगापुर वायुसेना ने उसकी सुरक्षा के लिए दो एफ-16 विमान भेजे। विमान में 263 यात्री सवार थे। एअरलाइंस कंपनी ने बताया कि उड़ान मंगलवार को चांगी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुबह आठ बजे (स्थानीय समय) उतर गई।

एअरलाइन ने बयान में कहा, 'सिंगापुर एअरलाइन इसकी पुष्टि करता है कि मुंबई से सिंगापुर आ रही उड़ान संख्या एक्सक्यू423 में बम होने की सूचना थी। विमान 26 मार्च, 2019 को सुबह करीब आठ बजे (स्थानीय समयानुसार) सिंगापुर पहुंच गया। विमान में 263 यात्री सवार थे। हम जांच में अधिकारियों का सहयोग कर रहे हैं और खेद है कि अधिक जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।' रिपब्लिक आफ सिंगापुर एअरफोर्स ने कहा कि दो एफ-16 सी/डी ने एसआइए विमान को सुरक्षा प्रदान की।

आरएसएएफ ने फेसबुक पोस्ट में कहा, 'हमारे लड़ाकू विमानों ने विमान को उसके चांगी हवाई अड्डे पर उतरने तक सुरक्षा प्रदान की।' एक महिला और एक बच्चे को छोड़कर सभी यात्री सुरक्षित रूप से उतर गए और उन्हें एक जांच से गुजरना पड़ा। महिला और बच्चे को पुलिस ने पूछताछ के लिए रोक लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विमान के मुंबई हवाई अड्डे से सोमवार रात करीब 11 बजकर 35 मिनट (स्थानीय समय) पर रवाना होने के बाद एअरलाइन को एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने दावा किया कि विमान में एक बम है।

शरीफ को इलाज के लिए मिली जमानत

इस्लामाबाद, 26 मार्च (भाषा)।

पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद देश के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को मंगलवार को चिकित्सीय आधार पर छह सप्ताह के लिये जमानत देकर बड़ी राहत दी।

शरीफ (69) पिछले साल दिसंबर से जेल में बंद हैं। शरीफ को अल-अजीजिया स्टील मिल्स भ्रष्टाचार मामले में सात साल जेल की सजा हुई है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने 25 फरवरी को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद शरीफ ने छह मार्च को यह अपील दायर की थी। प्रधान न्यायाधीश आसिफ सईद खोसा की अध्यक्षता वाले पीठ ने एक संक्षिप्त आदेश में इलाज के लिए शरीफ को छह सप्ताह की जमानत दे दी।

अपहृत की तलाश

जानकी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नामः** जानकी **पुत्रीः** भीम सेन **निवासीः** मकान सं. ई-57/115, सुंदर नगरी,, दिल्ली जिसका दिनांक 06.03.2019 को उसके घर से अपहरण कर लिया गया था। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 89/19 दिनांक 08.03.2019 धारा 363 भा.द.सं. थाना नंद नगरी, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार हैः-

उम्रः लगभग 16 साल, **कदः** 4'10'', **रंग** : सांवला, **चेहरा** : लम्बा, **शरीर** : सामान्य, **कपड़े** : गुलाबी रंग की टॉप, काले रंग की पैंट और पैरों में काले रंग की चप्पल पहने हुए है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपया करें। ईमेलः cic@cbi.gov.in वेबसाइट http://cbi.nic.in

थानाध्यक्ष
थाना नंद नगरी, दिल्ली
उत्तर-पूर्वी जिला, दिल्ली

फोनः 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
दूरभाष 011-22583307, 22585985

DP/6944/NE/19

[See regulations 264(2) and 250(3)]
(This is only an advertisement for Information purposes and is not a prospectus announcement.)

Humming Bird

HUMMING BIRD EDUCATION LIMITED

(CIN- U80221DL2010PLC207436)

The Company was originally incorporated at Delhi as "Humming Bird Education Private Limited" on 23rd August, 2010 under the provisions of the Companies Act, 1956 vide Certificate of Incorporation issued by the Registrar of Companies, NCT of Delhi and Haryana. Consequent upon the conversion of Company to public limited company, the name of the Company was changed to "Humming Bird Education Limited" vide fresh certificate of incorporation dated 10th October, 2018 issued by the Registrar of Companies, NCT of Delhi and Haryana. The Corporate Identification Number of our Company is U80221DL2010PLC207436. For further details of incorporation, change of name and registered office of our Company, please refer to section titled "General Information" and "Our History and Corporate Structure" beginning on pages 45 and page 105 respectively of this Prospectus.

Registered Office: 1374 - 1375,2nd Floor, Katra Lehswan, Chandni Chowk, Delhi - 110006 ;
Corporate office: A 95/3, Second Floor, Wazirpur Industrial Area, Delhi - 110052
Tel. No.: +91 – 011 - 47096144; **Email:** info@hummingbirdeducation.com **Website:** www.hummingbirdeducation.com
COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER: MR MAYANK PRATAP SINGH

PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. NITESH JAIN AND MR. NARENDER KUMAR JAIN

BASIS OF ALLOTMENT

PUBLIC ISSUE OF UPTO 1,63,000 EQUITY SHARES OF A FACE VALUE OF RS. 10.00 EACH (THE "EQUITY SHARES") OF HUMMING BIRD EDUCATION LIMITED ("OUR COMPANY" OR "HBEL" OR "THE ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF RS. 132.00 PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF RS. 122.00 PER EQUITY SHARE) ("ISSUE PRICE") AGGREGATING TO RS. 215.16 LACS ("THE ISSUE") OF WHICH UPTO 9,000 EQUITY SHARES AT AN ISSUE PRICE OF RS. 132.00 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO RS. 11 .88 LACS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF UPTO 1,54,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 10.00 EACH AT AN ISSUE PRICE OF RS. 132.00 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO RS. 203.28 LACS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.59% and 25.12%, RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

In terms of Prospectus dated 1st March, 2019 and as per Regulation 253 of SEBI (ICDR) Regulations, 2018 wherein a minimum of 50 % of the Net Issue of shares to Public shall initially be made available for allotment to a) Retail Individual Investors as the case may be. The balance net offer of shares to the public shall be made available for allotment to b) individual applicants other than retail investors and other investors including corporate bodies / institutions irrespective of number of shares applied for. The unsubscribed portion of the net issue to any one of the categories specified in (a) or (b) shall/may be made available for allocation in any other category, if so required.

Explanation: Chapter IX, part VIII (253) of SEBI (ICDR) Regulation, 2018, if the retail individual investor is entitled to more than fifty percent, on proportionate basis, the retail individual investors shall be allocated that higher percentage.

THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES IS RS. 10 EACH AND THE ISSUE PRICE OF RS. 132/- I.E. 13.20 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. ISSUE OPENED ON FRIDAY, 15TH MARCH, 2019 AND CLOSED ON TUESDAY, 19TH MARCH, 2019

The Equity Shares offered through the Prospectus are proposed to be listed on the SME platform of BSE Limited ("BSE") in terms of the chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018 as amended from time to time, Company has received an approval letter dated 19th February 2019, from BSE for using its name in the offer document for listing of our Shares on the SME platform of BSE. The designated stock exchange is BSE Limited.

All Applicants are mandatorily to participate in the Issue through **APPLICATION SUPPORTED BY BLOCKED AMOUNT ("ASBA")** process by providing the details of the respective bank accounts in which the corresponding application amounts were blocked by Self Certified Syndicate Banks (the "SCSBs").

SUBSCRIPTION DETAILS

The Issue has received 90 applications for 2,15,000 Equity Shares (Including Market Maker Application of 9,000 Equity Shares) resulting 1.34 times subscription. 1 (One) application of aggregating 1,000 Equity Shares was rejected hence 89 applications for 2,14,000 Equity Shares (Including Market Maker Application of 9,000 Equity Shares) resulting 1.31 times subscription was considered. The details of the applications received in the Issue (before technical rejections) are as follows:

Detail of the Applications Received (Before Technical Rejection & withdrawal of application):

Category	Number of applications	Number of equity Shares	Subscription
Market Makers	1	9000	1
Other than Retail Individual Investor's	21	138000	1.586
Retail Individual Investor's	68	68000	.88
TOTAL	**90**	**215000**	**3.466**

Details of Applications rejected by the Registrar on technical grounds (including withdrawals) are detailed below:

Category	Number Of Applications	Number of equity Shares
Market Makers	NIL	NIL
Other than Retail Individual Investor's	NIL	NIL
Retail Individual Investor's	1	1000
TOTAL	**1**	**1000**

Details of the Valid Applications Received (After Technical Rejection & withdrawal):

Category	Number of applications	Number of equity Shares	Subscription
Market Makers	1	9000	1
Other than Retail Individual Investor's	21	138000	1.586
Retail Individual Investor's	67	67000	.87
TOTAL	**89**	**214000**	**3.456**

ALLOCATION: The Basis of Allotment was finalized in consultation with the Designated Stock Exchange - BSE Limited on 25th March, 2019.

A. **Allocation to Market Maker (After Technical Rejections & Withdrawal):** The Basis of Allotment to the Market Maker, at the Issue price of Rs. 132/- per Equity Share, was finalised in consultation with BSE. The category was subscribed by 1 time. The total number of shares allotted in this category is 9,000 Equity shares in full out of reserved portion of 9,000 Equity Shares.

No. of Shares Applied for (Category wise)	No. of Applicat-ions	% to total	Total No. of Equity Shares applied	% to total	Proporti-onate Shares Available	Allocation per Applicant (Before Rounding Off)	Allocation per Applicant (After Rounding Off)	Ratio of Allottees to the Applicants		Number of successful applicants (after rounding off)	% of Total	Total No. of Equity Shares Allotted	% of Total	Sur plus / (Deficit)
9000	1	100	9000	100	9000	9000	9000	1	1	1	100	9000	100	0
TOTAL	**1**	**100**	**9000**	**100**	**9000**					**1**	**100**	**9000**	**100**	**0**

B. **Allocation to Retail Individual Investors (After Technical Rejections & Withdrawal):** The Basis of Allotment to the Retail Individual Investors, at the Issue price of Rs. 132/- per Equity Share, was finalized in consultation with BSE. The category was subscribed by .87 time. Total number of shares allotted in this category is 67,000 Equity Shares. The category wise basis of allotment is as under:

No. of Shares Applied for (Category wise)	No. of Applicat-ions	% to total	Total No. of Equity Shares applied	% to total	Proporti-onate Shares Available	Allocation per Applicant (Before Rounding Off)	Allocation per Applicant (After Rounding Off)	Ratio of Allottees to the Applicants		Number of successful applicants (after rounding off)	% of Total	Total No. of Equity Shares Allotted	% of Total	Sur plus / (Deficit)
1000	67	100	67000	100	77000	1000	1000	1	1	67	100	67000	100	-10000
TOTAL	**67**	**100**	**67000**	**100**	**77000**					**67**	**100**	**67000**	**100**	**-10000**

C. **Allocation to Non Retail Investors (After Technical Rejections & Withdrawal):** The Basis of Allotment to the Non Retail Investors, at the Issue price of Rs. 132/- per Equity Share, was finalized in consultation with BSE. The category was subscribed by 1.586 times. Total number of shares allotted in this category is 87,000 Equity Shares. The category wise basis of allotment is as under:

No. of Shares Applied for (Category wise)	No. of Applicat-ions	% to total	Total No. of Equity Shares applied	% to total	Proporti-onate Shares Available	Allocation per Applicant (Before Rounding Off)	Allocation per Applicant (After Rounding Off)	Ratio of Allottees to the Applicants		Number of successful applicants (after rounding off)	% of Total	Total No. of Equity Shares Allotted	% of Total	Sur plus / (Deficit)
2000	4	19.05	80000	5.80	5043	1260.75	1000	1	1	4	19.05	4000	4.60	-1043
		0.00		0.00			1000	1	4			1000	1.15	1000
3000	4	19.05	12000	8.70	7565	1891.25	2000	1	1	4	19.05	8000	9.20	435
4000	3	14.29	12000	8.70	7565	2521.67	2000	1	1	3	14.29	6000	6.90	-1565
		0.00		0.00			1000	2	3		0.00	2000	2.30	2000
5000	2	9.52	10000	7.25	6304	3152	3000	1	1	2	9.52	6000	6.90	-304
7000	1	4.76	7000	5.07	4413	4413	4000	1	1	1	4.76	4000	4.60	-413
8000	2	9.52	16000	11.59	10087	5043.5	5000	1	1	2	9.52	10000	11.49	-87
10000	1	4.76	10000	7.25	6304	6304	6000	1	1	1	4.76	6000	6.90	-304
12000	2	9.52	24000	17.39	15130	7565	7000	1	1	2	9.52	14000	16.09	-1130
		0.00		0.00			1000	1	2		0.00	1000	1.15	1000
15000	1	4.76	15000	10.87	9457	9457	10000	1	1	1	4.76	10000	11.49	543
24000	1	4.76	24000	17.39	15132	15130	15000	1	1	1	4.76	15000	17.24	-132
TOTAL	**21**	**100**	**138000**	**100**	**87000**					**21**	**100**	**87000**	**100**	**0**

The Board of Directors of the Company at its meeting held on 25th March, 2019 has taken on record the Basis of Allocation of Equity Shares approved by the Designated Stock Exchange viz. BSE and has authorized the corporate action for the transfer of the Equity Shares / dispatch of share certificates to various successful applicants.

The allotment advice and/or rejection letters are being dispatched to the address of the Applicants as registered with the depositories / as filled in the application form on or before 28th March, 2019. Further the instructions to Self Certified Syndicate Banks being processed on or prior to 28th March, 2019. In case the same is not received within 10 days, investors may contact at the address given below. The Equity Shares allocated to successful applicants are being credited to their beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. The Company is taking steps to get the Equity Shares admitted for trading on the SME Platform of BSE Limited within Six working days from the date of the closure of the Issue. The trading is proposed to be commenced on or before 28th March, 2019 Subject to receipt of listing and trading approvals from BSE Limited.

INVESTORS PLEASE NOTE

The details of the allotment made would also be hosted on the website of the Registrar to the Issue, Bigshare Services Private Limited at www.bigshareonline.com. All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Issue quoting full name of the First/ Sole applicants, serial number of the Application Form, number of shares applied for and ASBA Bank details at the address of the Registrar given below:

BIGSHARE SERVICES PRIVATE LIMITED
1st Floor, Bharat Tin Works Building, Opp. Vasant Oasis, Makwana Road, Marol, Andheri (East), Mumbai – 400059, Maharashtra, India.
Tel.No: +91-022 – 62638289 **Fax.No.:** +91-022 - 62638299 **E-mail:** ipo@bigshareonline.com **Website:** www.bigshareonline.com
SEBI Registration No. INR000001385 **Contact Person:** Mr. Babu Rapheal

For **Humming Bird Education Limited**
Sd/-
Mr. Nitesh Jain
Managing Director
DIN: 03150675

Place: Delhi
Date: 25.03.2019

THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF HUMMING BIRD EDUCATION LIMITED.

Note: All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus.

Sunjeet Comm.

शुद्धिपत्र

15.02.2019 को जनसत्ता (हिन्दी, दिल्ली संस्करण) अखबार में प्रकाशित **इंनोकूल रबड़ प्राइवेट लिमिटेड** के विज्ञापन में लिखित **पंजीकृत कार्यालय को "दिल्ली की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र" से "उत्तर प्रदेश राज्य" में स्थानान्तरित** की बजाय **पंजीकृत कार्यालय को "दिल्ली की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र" से "हरियाणा राज्य" में स्थानान्तरित** का उल्लेख हुआ था। अतः निवेदन है कि इसे **पंजीकृत कार्यालय को "दिल्ली की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र" से "उत्तर प्रदेश राज्य" में स्थानान्तरित** ही पढ़ा जाए। त्रुटि के लिए खेद व्यक्त किया गया है।

"Form No. INC-25A"
Before the Regional Director, Ministry of Corporate Affairs Northern Region

In the matter of the Companies Act, 2013, section 14 of Companies Act, 2013 and rule 41 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014

AND

In the matter of M/s MCCL BUILDWELL LIMITED having its registered office at G-23/6-A, Third Floor, Rajouri Garden, Delhi-110027... **Applicant**

Notice is hereby given to the general public that the company intending to make an application to the Central Government under section 14 of the Companies Act, 2013 read with aforesaid rules and is desirous of converting into a private limited company in terms of the special resolution passed at the Extra Ordinary General Meeting held on 04th March, 2019 to enable the company to give effect for such conversion.

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change/status of the company may deliver or cause to be delivered or send by registered post of his objections supported by an affidavit stating the nature of his interest and grounds of opposition to the Regional Director at the address B-2 Wing, 2nd floor, Paryavaran Bhawan, CGO Complex, New Delhi – 110003, Northern Region, within fourteen days from the date of publication of this notice with a copy to the applicant company at its registered office at the address mentioned below:

G-23/6-A, Third Floor, Rajouri Garden, Delhi-110027

For and on behalf of the Applicant
AJIKUMAR VEETIL KIZHAKKILOTTU
Director
DIN: 06699308
Date: 27.03.2019 **Place: Delhi**

फार्म नं. आईएनसी-26

{कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में}
केन्द्रीय सरकार-क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष
यथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 2013 के कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5) (ए) के मामले
और

दिलशान बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड
(CIN: U70100DL2010PTC203358)

जिसका पंजीकृत कार्यालय : दुकान नं. 123, प्लॉट नं. 23, वर्धमान चार्वे, प्लाजा केपी ब्लॉक, कॉमसल कॉम्पलेक्स, प्रीतमपुरा, दिल्ली-110034 में है। के मामले में

....आवेदक कंपनी/ याचिकाकर्त्ता

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए केंद्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव एक असाधारण आम बैठक में कम्पनी को सक्षम करने हेतु **05 मार्च, 2019** को आयोजित बैठक में पंजीकृत कार्यालय को **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"राजस्थान राज्य"** में बदलने हेतु पारित किया गया।

यदि किसी व्यक्ति का हित कम्पनी में इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो, तो वे इसका कारण देते हुए आपत्ति हलफनामा में उल्लेख करते हुए जिसमें उनके हित/विपक्ष के आधार हो, एमसीए-21 पोर्टल **(www.mca.gov.in)** पर निवेशक शिकायत फार्म दर्ज करे या क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली -110003 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक कॉपी आवेदक कम्पनी को इसके उपरोक्त पंजीकृत कार्यालय में इस सूचना के छपने के 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेज दे।

कृते **दिलशान बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड**
जयेश बांगर (निदेशक)
डीआईएन: 00132228

दिनांक: 26 मार्च, 2019
स्थान: नई दिल्ली

सूचना

क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष
उत्तरी क्षेत्र बेंच, नई दिल्ली
कंपनीज़ अधिनियम, 2013 की धारा 12 व 13 के मामलें में
तथा
अनीला फाइनेंसर्स प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय 240 ए, हरि नगर आश्रम नई दिल्ली डीएल 110014 आईएन में है के मामलें में

कंपनीज़ अधिनियम, 2013 की धारा 12 व 13 और कंपनीज़ (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(6) के प्रावधानों के अनुसरण में, कंपनी की संस्था बहि नियमावली के क्लॉज II में परिवर्तन करने के प्रस्ताव के सबंध में एतद्द्वारा सूचना दि जाती है कि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को 'दिल्ली की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र' से 'हरियाणा राज्य' में स्थानान्तरित करने हेतु कंपनीज अधिनियम, 2013 की धारा 12 व 13 के अन्तर्गत 19.03.2019 को आयोजित कंपनी की असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुकूल, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र बेंच, नई दिल्ली के समक्ष कंपनी की संस्था बहि नियमावली में परिवर्तन करने की याचिका प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी की संस्था बहि नियमावली के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है तो वह अपने हित की प्रकृति और विरोध के आधार, शपत्रपत्र द्वारा समर्थित उसके हित की प्रकृति एवं विरोध का आधार बताते हुए, पंजीकृत डाक द्वारा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-ब्लॉक पर्यावरण भवन, 2 फ्लोर, सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड नई दिल्ली को सूचित करें, और एक प्रतिलिपि याचिकाकर्ता कंपनी के उपरोक्त पंजीकृत कार्यालय के पते पर इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस दिनों के अन्दर भेजी जानी चाहिए:

बोर्ड की ओर से
कृते **अनीला फाइनेंसर्स प्राइवेट लिमिटेड**
हस्ता/-
(सुरेश चंद मंगला)
निदेशक
DIN: 00055568

स्थानः नई दिल्ली
तिथि: 26.03.2019

पताः हाउस न0 डीसी-248, 45 फुट रोड श्याम नगर कॉलोनी पलवल 121102 एचआर आईएन

प्रपत्र सं. आईएनसी-26

[कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]
''राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली राज्य'' से ''महाराष्ट्र राज्य'' में रॉल्स-रॉयस मैरिन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के पंजीकृत कार्यालय का परिवर्तन
केन्द्र सरकार, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के उपबंध (ए) के मामले में
तथा
रॉल्स-रायस मैरिन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय 2रा तल, विरला टावर (वेस्ट), बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001 में है, CIN: U28920DL1991PTC 332079, के मामले में

..... **आवेदक**

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ''रा.रा. क्षेत्र दिल्ली राज्य'' से ''महाराष्ट्र राज्य'' में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 5 मार्च, 2019 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केंद्र सरकार, के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, वे एमसीए-21 (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल कर अथवा उसके नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, के पतेः बी-2 विंग, 2रा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें:

पंजीकृत कार्यालय का पताः
2रा तल, विरला टावर (वेस्ट), बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001

कृते एवं के लिये
रॉल्स-रॉयस मैरिन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./-
वेई मिंग चंग
निदेशक
DIN: 08372953

स्थानः नई दिल्ली
तिथि: 27 मार्च, 2019

फॉर्म-जी
अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

(इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए इंसॉल्वेंसी प्रस्ताव प्रक्रिया) वि

जेट में अनिश्चितता बरकरार

जेट एयरवेज की योजना

- अपना परिचालन बहाल करने की तैयारी कर रही कंपनी के कर्मचारियों के बीच विमानन कंपनी के भविष्य और उनके खुद के करियर को लेकर चिंता बनी हुई है
- अभी कंपनी **30-35** विमानों का परिचालन कर रही है और अप्रैल के आखिर तक इसका इरादा खड़े किए गए **40** अतिरिक्त विमानों को परिचालन में लाने का है

अनीश फडणीस
मुंबई, 26 मार्च

पिछले कई महीने से जेट एयरवेज में चल रहे संकट के कारण नौकरियों में कटौती, वेतन भुगतान में देर, कई विमान खड़े हुए और कई उड़ानें रद्द हुईं। तात्कालिक सहायता के जरिये अपना परिचालन बहाल करने की तैयारी कर रही कंपनी के कर्मचारियों के बीच विमानन कंपनी के भविष्य और उनके खुद के करियर को लेकर चिंता बनी हुई है।

जेट के एक कर्मचारी ने कहा, परिचालन सामान्य होने के बाद भी कंपनी में बढ़त और करियर को लेकर कोई निश्चितता नहीं है। लोग अन्य जगह नौकरियां तलाश रहे हैं।

वेतन बढ़ोतरी अभी टाल दी गई है क्योंकि कंपनी के पास इसे बढ़ाने की क्षमता नहीं है। इसके अलावा छंटनी की भी संभावना है। जेट के 15,000 कर्मचारी हैं और पिछले एक साल में कई वजहों से यह संख्या घटी है, खास तौर से पायलटों के इस्तीफे के बाद।

सकारात्मक पहलू लेनदारों की तरफ से फंडिंग का है। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा, आज हम कल के मुकाबले बेहतर स्थिति में हैं। हमारे पास कोई फंड नहीं था और अब बैंक 1,500 करोड़ रुपये कर्ज दे रहे हैं और इसका इस्तेमाल पट्टा कंपनियों को भुगतान करने, खड़े विमानों को परिचालन में लाने और परिचालन बहाल करने में किया जाएगा। अभी कंपनी 30-35 विमानों का परिचालन कर रही है और अप्रैल के आखिर तक उसका इरादा खड़े किए गए 40 अतिरिक्त विमानों को परिचालन में लाने का है।

पायलटों, इंजीनियरों और प्रबंधन के वरिष्ठ सदस्यों को जनवरी व फरवरी का पूरा वेतन नहीं मिला है और इन्हें दिसंबर का सिर्फ 12.5 फीसदी वेतन दिया गया है। कंपनी अपने कर्मियों को इस हफ्ते आंशिक भुगतान कर सकती है। कितना वेतन मिलेगा, यह बैंकों की तरफ से मिलने वाले धन पर निर्भर करेगा। समय पर भुगतान हालांकि अहम है क्योंकि पायलटों ने एक अप्रैल से उड़ानें बंद करने का फैसला लिया है। कनिष्ठ कर्मियों को हालांकि समय पर वेतन दिया गया।

चूंकि प्रतिस्पर्धी विमानन कंपनियां आगे बढ़ रही हैं और अपने बेड़े में इजाफा कर रही हैं, लिहाजा वे पायलटों, इंजीनियरों और कैबिन क्रू की भर्ती कर रही हैं। लेकिन देसी विमानन कंपनी में गैर-परिचालन की भूमिका में भर्तियां सीमित बनी हुई हैं।

लेकिन अगर जेट एयरवेज बंद होती है तो प्रतिस्पर्धी सभी कर्मियों को पूरी तरह से समाहित करने में सक्षम नहीं होंगी।

अर्श से फर्श पर जेट के नरेश गोयल

अनीश फडणीस
मुंबई, 26 मार्च



नरेश गोयल ने पिछले दो दशक तक घरेलू आसमान में राज किया है। जेट एयरवेज से उनके इस्तीफे के साथ ही भारतीय विमानन क्षेत्र में एक युग का अंत हो गया है। अपने चाचा की ट्रैवल एजेंसी में बतौर कैशियर अपने करियर की शुरुआत करने वाले गोयल जल्द ही देश के सबसे बड़े विमानन उद्यमी बन गए। उन्होंने अपने कारोबारी सफर के साथ-साथ भारतीयों के यात्रा अनुभव को भी बेहतर किया। एक सामान्य बिक्री एजेंट के तौर पर अन्य विमानन कंपनियों के लिए यात्री टिकट एवं माल ढुलाई के लिए बुकिंग करने वाले गोयल ने 1993 में जेट एयरवेज की स्थापना की थी। हालांकि जेट एयरवेज उस दौर की पहली निजी घरेलू विमानन कंपनी नहीं थी, लेकिन वह बाजार में अब तक टिकने वाली पहली निजी विमानन कंपनी रही है।

ईस्ट-वेस्ट एयरलाइन्स की शुरुआत 1992 में हुई थी लेकिन चार साल बाद ही उसका परिचालन बंद हो गया। गोयल भारत और विदेश से बेहतरीन विमानन प्रतिभाओं को आकर्षित करने में समर्थ थे। साथ ही अपनी दूरदर्शिता और साझेदारी करने की योग्यता के बल पर उन्होंने अपनी विमानन कंपनी की नींब रखी। गोयल को सामान्य बिक्री एजेंट के रूप में अपने पिछले अनुभव से दुनिया भर में विमानन कंपनियों के साथ तालमेल बेहतर करने में मदद मिली। वह 250 से अधिक वैश्विक विमानन कंपनियों के संगठन इंटरनैशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक में लगातार भाग लेते रहे हैं।

साझेदारी करने की इसी काबिलियत से जेट एयरवेज को 2013 में एतिहाद एयरवेज से 37.9 करोड़ डॉलर का निवेश (नियमों में ढील दिए जाने के बाद किसी विमानन कंपनी में पहला प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) हासिल करने में मदद मिली। साथ ही 2017 में उसने एयर फ्रांस-केएलएम के साथ वाणिज्यिक सहयोग समझौते को बेहतर बनाया जो किसी भारतीय विमानन कंपनी द्वारा किया गया पहला व्यापक सहयोग था। गोयल को एक सख्त वार्ताकार और सौम्य कारोबारी के रूप में जाना जाता है जिन्होंने अपने विमानन कंपनी के अनुकूल नीतिगत माहौल बनाने में मदद की।

हालांकि पिछले कुछ महीने से एतिहाद एयरवेज के साथ बातचीत चल रही थी लेकिन नियंत्रण के मुद्दे पर दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन पाई। परिणामस्वरूप बातचीत टूट गई और सोमवार को लेनदारों ने कंपनी में बहुलांश नियंत्रण अपने हाथों में ले लिया।

गोयल की विरासत एक विश्वस्तरीय घरेलू विमानन कंपनी बनाने की रही है। जेट एयरवेज ने भारत में काफी कुछ सबसे पहले किया जैसे 24 घंटे आरक्षण, टेली चेकइन सुविधा, फ्रिक्वेंट फ्लायर कार्यक्रम, सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड, उड़ान के दौरान मनोरंजन आदि।

स्पाइसजेट के चेयरमैन अजय सिंह ने कहा, 'आज का दिन वास्तव में भारतीय विमानन उद्योग के लिए अच्छा नहीं है। एक विश्वस्तरीय विमानन कंपनी स्थापित करते हुए नरेश ओर अनीता गोयल ने भारत को गौरवान्वित किया था। इससे भारतीय नीति निर्माताओं को भी सजग हो जाना चाहिए। हमें विमानन कंपनियों को गैर-प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए ढांचागत चुनौतियों से निपटने की जरूतर है।'

जेट एयरवेज अपने दो प्रमुख निर्णयों- एयर सहारा का अधिग्रहण और 2006-07 में अंतरराष्ट्रीय बाजार में आक्रामक आगाज- से अब तक प्रभावित होती रही। ऐसा कहा जाता है कि गोयल को उनके करीबी सहयोगियों ने एयर सहारा का अधिग्रहण न करने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा था कि एयर सहारा के लिए वह जो भुगतान कर रहे हैं वह उसकी वास्तविक कीमत से अधिक है। लेकिन गोयल ने उनकी बात नहीं मानी और एयर सहारा का अधिग्रहण कर लिया। विमानन कंपनी के प्रबंधन ने जेटलाइट ब्रांड के तहत उस विमानन कंपनी को पुनर्गठित करने की कोशिश की लेकिन उसका कोई खास फायदा नहीं हुआ। तीन साल बाद जेट एयरवेज ने जेटलाइट में अपने पूरे 1,800 करोड़ रुपये के निवेश को बट्टेखाते में डाल दिया।

स्टर्लिंग बायोटेक मामले में फैसला सुरक्षित

सुब्रत पांडा
मुंबई, 26 मार्च

स्टर्लिंग बायोटेक के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही वापस लेने की लेनदारों की समिति की कोशिश कारगर नहीं हुई और नैशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। अब इस पर 26 अप्रैल को सुनवाई होगी।

एनसीएलटी पीठ ने बैंकरों के कदम पर सवाल उठाया, जिन्होंने लेनदारों की समिति की तरफ से एकमुश्त भुगतान की पेशकश स्वीकार कर ली थी क्योंकि इसका मतलब यह होगा कि कंपनी के भगोड़े प्रवर्तकों को साफ-सुथरी बैलेंस शीट के साथ दोबारा कंपनी मिल जाएगी।

लेकिन अगर धारा 12 ए के तहत ट्रिब्यूनल ने याचिका वापस लेने का आवेदन स्वीकार कर लिया तो इसका अनिवार्य रूप से मतलब है कि प्रवर्तकों की देनदारी खत्म हो जाएगी और उन्हें कंपनी वापस मिल जाएगी और इस तरह से वह बैंकों को बकाए का एक हिस्सा ही चुकाएंगे। ऐसे में बैंकों को भारी कटौती झेलनी होगी।

पिछली सुनवाई में ट्रिब्यूनल ने कंपनी मामलों के मंत्रालय, आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, सेबी, आरबीआई और सीबीआई से इस मामले पर राय मांगी थी। पर प्रवर्तन निदेशालय व सेबी ने अपनी राय सौंपी है। ईडी ने कहा है, कर्जदार कंपनी के प्रवर्तक नितिन संदेसरा को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की प्रक्रिया में निदेशालय प्रवर्तकों की 4,700 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चुका है। इसके अतिरिक्त ईडी ने कहा कि वह बैंकरों को संभावित तौर से मिलने वाली एकमुश्त रकम भी जब्त कर सकता है।

लेनदारों की समिति के वकील ने कहा, प्रवर्तकों ने एकमुश्त निपटान की पेशकश में संशोधन किया है और अब पूरी रकम का भुगतान वे जून में करेंगे।

आरकॉम को जारी कारण बताओ नोटिस पर रोक

नैशनल कंपनी लॉ अपील ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने मंगलवार को दूरसंचार विभाग की तरफ से रिलायंस कम्युनिकेशंस को जारी दो कारण बताओ नोटिस पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। दूरसंचार विभाग ने 14 मार्च और 15 मार्च को आरकॉम को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। दो सदस्यीय पीठ ने 20 मार्च को जारी दूरसंचार विभाग के पत्र पर भी स्थगन लगा दिया, जिसमें विभाग ने ऐक्सिस बैंक को अनिल अंबानी समूह की फफर्म तरफ से दी गई 2,000 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी भुनाने को कहा था। पहले कारण बताओ नोटिस में विभाग ने कहा था कि कंपनी की तरफ से दी गई बैंक गारंटी को क्यों न भुना लिया जाए। *बीएस*

पहले चरण में 7-इलेवन के आठ स्टोर खोलेगी फ्यूचर

विवेट सुजन पिंटो
मुंबई, 26 मार्च

सभी आउटलेट मुंबई में खोलेगी फ्यूचर

फ्यूचर समूह के मुख्य कार्याधिकारी किशोर बियाणी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी कन्वीनियंस स्टोर श्रृंखला 7-इलेवन के आठ आउटलेट पहले चरण में खोले जाएंगे। पिछले महीने 7-इलेवन ने फ्यूचर रिटेल की सहायक एसएचएमई फूड ब्रांड्स के साथ फ्रैंचाइजी करार पर हस्ताक्षर किए थे। एसएचएमई फूड ब्रांड्स ने एसएचएमई की 100 फीसदी इक्विटी पूंजी का अधिग्रहण किया है, ताकि वह इसकी सहायक बन सके।

बियाणी ने बिजनेस स्टैंडर्ड से कहा कि पहले चरण में 7-इलेवन के सभी आउटलेट मुंबई में खोले जाएंगे और समूह इस श्रृंखला के दो रिटेल फॉर्मेट पर विचार कर रहा है। पहला स्टोर जल्द खुलने की संभावना है। उन्होंने कहा, हम स्टोर के आकार के लिहाज से दो पायलट परियोजना पर काम कर रहे हैं। हमारा ध्यान अभी मुंबई पर होगा। हम उस जगह की तलाश कर रहे हैं जहां इस शहर में स्टोर खोले जाएंगे। एक सूत्र ने कहा, स्टोर के लिए फ्यूचर समूह 1,200 वर्गफुट और 2,000 वर्गफुट जगह पर नजर डाल रहा है। समूह की नजर मॉल, कॉरपोरेट पार्क, अस्पताल और कॉलेजों में हैं, जहां ज्यादा लोग आते हैं। एचएचएमई फूड ब्रांड के कुछ मौजूदा जगह को भी 7-इलेवन के स्टोर में तब्दील किया जाएगा।

मुंबई के 7-इलेवन स्टोर में फ्रेश फूड के अलावा स्नैक्स व कन्फेक्शनरी भी बेचे जाएंगे। साथ ही फ्यूचर कंज्यूमर के फूड ब्रांडों को भी यहां जगह मिलेगी। फ्यूचर कंज्यूमर, फ्यूचर समूह की एफएमसीजी इकाई है।

एडलवाइस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध-संस्थागत इक्विटीज) अवनीश रॉय ने कहा, 7-इलेवन के साथ फ्रैंचाइजी समझौते से फ्यूचर रिटेल को राजस्व का अतिरिक्त स्रोत मिल जाएगा। साथ ही फ्यूचर कंज्यूमर के उत्पादों की पहुंच भी बढ़ जाएगी, जिसका फायदा समूह को मिलेगा।

रॉय ने कहा, 7-इलेवन के प्रवेश से किराना समेत भारत में छोटे खुदरा का आधुनिकीकरण हो जाएगा। 7-इलेवन के दुनिया भर में 67,000 स्टोर हैं। 7-इलेवन के लिए भारत 18वां बाजार है, जिसके ज्यादातर स्टोर उत्तर अमेरिका में हैं।

नालको की एल्युमिना बिक्री निविदा में वेदांत भी

दिलीप सत्पथी
भुवनेश्वर, 26 मार्च

झारसुगुडा में वेदांत के कच्चे माल के संकट से जूझ रहे एल्युमीनियम संयंत्र को ओडिशा उच्च न्यायालय ने राहत दी है। न्यायालय ने उसे अतिरिक्त एल्युमिना की बिक्री के लिए नैशनल एल्युमीनियम कंपनी (नालको) द्वारा जारी की गई निविदा में शामिल होने की अनुमति दी है।

इस फैसले ने अपने 12.5 लाख टन क्षमता वाले एल्युमीनियम संयंत्र के लिए एल्युमिना खरीद को लेकर वेदांत की उम्मीद बढ़ा दी है। इससे कंपनी को संयंत्र के क्षमता इस्तेमाल में सुधार लाने और उत्पादन लागत घटाने में मदद मिलेगी। नालको से एल्युमिना की खरीद से ढुलाई खर्च के संबंध में 20 डॉलर प्रति टन की बचत होने का अनुमान है।

नालको द्वारा बिक्री की निविदा में शामिल होने की उम्मीदें धूमिल होने के बाद वेदांत ने ओडिशा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। नालको का तर्क था कि यह बिक्री 2005 की नीति के अनुसार सिर्फ वैश्विक कंपनियों के लिए सीमित है। नालको अंगुल में मेटल स्मेल्टर की अपनी घरेलू जरूरत पूरी करने के बाद सालाना 12 लाख टन एल्युमिना का निर्यात करती है।

इस मामले की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के पीठ ने आज कहा, 'हम यह निर्णय लेते हैं कि याची नंबर 1 (वेदांत) को निविदा की सभी मौजूदा शर्तों के साथ इसमें भाग लेने की अनुमति होगी।'

[See regulations 264(2) and 250(3)]
(This is only an advertisement for Information purposes and is not a prospectus announcement.)

Humming Bird Education LTD.
India's Most Innovative Olympiads
www.olympiads.co.in

HUMMING BIRD EDUCATION LIMITED

(CIN- U80221DL2010PLC207436)

The Company was originally incorporated at Delhi as "Humming Bird Education Private Limited" on 23rd August, 2010 under the provisions of the Companies Act, 1956 vide Certificate of Incorporation issued by the Registrar of Companies, NCT of Delhi and Haryana. Consequent upon the conversion of Company to public limited company, the name of the Company was changed to "Humming Bird Education Limited" vide fresh certificate of incorporation dated 10th October, 2018 issued by the Registrar of Companies, NCT of Delhi and Haryana. The Corporate Identification Number of our Company is U80221DL2010PLC207436. For further details of incorporation, change of name and registered office of our Company, please refer to section titled "General Information" and "Our History and Corporate Structure" beginning on pages 45 and page 105 respectively of this Prospectus.

Registered Office: 1374 - 1375,2nd Floor, Katra Lehswan, Chandni Chowk, Delhi - 110006 ;
Corporate office: A 95/3, Second Floor, Wazirpur Industrial Area, Delhi - 110052
Tel. No.: +91 – 011 - 47096144; **Email:** info@hummingbirdeducation.com **Website:** www.hummingbirdeducation.com
COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER: MR MAYANK PRATAP SINGH

PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. NITESH JAIN AND MR. NARENDER KUMAR JAIN

BASIS OF ALLOTMENT

